राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–309/2023

राज्यपाल ने डॉ० भीमराव अम्बेदकर की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें नमन किया

पटना, 06 दिसम्बर, 2023 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बाबा साहेब डॉ० भीमराव अम्बेदकर के महापरिनिर्वाण दिवस (पुण्यतिथि) के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में पटना हाई कोर्ट के पश्चिम स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, माननीय उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, अन्य मंत्रीगण एवं गणमान्य लोगों ने भी डॉ० भीमराव अम्बेदकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा भजन एवं गीत प्रस्तुत किये गये। बिहार गीत की प्रस्तुति भी की गई।

....